धर्मागम

**Set No. 1**

**Question Booklet No.** 00017

# 12P/254/31

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

Roll No. | | | | | | | | |

Roll No. (Write the digits in words) ..........................................................................................

Serial No. of Answer Sheet ..............................................

Day and Date ..................................................................... ..............................................

**( Signature of Invigilator )**

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the **Answer Sheet**)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***
3. ***A separate Answer Sheet is given. It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***
4. Write your Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen in the space prvided above.
5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. ***No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet no. and Set no. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet no. on the Queston Booklet.***
7. ***Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.***
8. ***Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed. If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).*
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit only OMR *Answer Sheet* at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

**Total No. of Printed Pages : 24** *[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण पृष्ठ पर दिये गए है।]*

# 12P/254/31

**No. of Questions : 150**

**प्रश्नों की संख्या : 150**

***Time : 2 Hours*** | ***Full Marks : 450***

***समय : 2 घण्टे*** | ***पूर्णाङ्क : 450***

**Note :** (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries 3 **(Three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer***. **Zero** mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3** ( तीन ) अंक का है। ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।*** प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक ***शून्य*** होगा।

(2) If more than one alternative answers seem to be approximate to the correct answer, choose the closest one.

यदि एकाधिक वैकल्पिक उत्तर सही उत्तर के निकट प्रतीत हों, तो निकटतम सही उत्तर दें।

**01.** महात्मा गाँधी निम्नलिखित में से किस ग्रन्थ को सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण मानते थे ?

(1) भगवद्गीता (2) मनुस्मृति (3) ईशोपनिषद् (4) कठोपनिषद्

**02.** ईश उपनिषद् निम्नलिखित में से किसका भाग है ?

(1) संहिता (2) ब्राह्मण (3) आरण्यक (4) उपनिषद्

**03.** ईशावास्योपनिषद् निम्नलिखित में से किस वेद का अंश है ?

(1) ऋग्वेद (2) सामवेद (3) शुक्लयजुर्वेद (4) कृष्णयजुर्वेद

**04.** निम्नलिखित में से किस उपनिषद ने ईश उपनिषद् को सर्वाधिक प्रमुख माना है ?

(1) जाबाल उपनिषद् (2) मुक्तिकोपनिषद्

(3) रामतापिनी उपनिषद् (4) हंसोपनिषद्

**05.** निम्नलिखित में से किसे मन्त्रोपनिषद् माना गया है ?

(1) कठ (2) केन (3) ईश (4) मुण्डक

**06.** ईशावास्यउपनिषद् संहिता का कौन सा भाग है ?

(1) प्रथम (2) अंतिम (3) मध्य (4) संहितेतर

**07.** कात्यायन ने निम्नलिखित में से किस उपनिषद् का किसी कर्म में विनियोग नहीं किया है ?

(1) छान्दोग्य (2) बृहदारण्यक (3) ईश (4) तैत्तिरीय

**08.** निम्नलिखित में से कौन सा उपनिषद् शुक्ल यजुर्वेद संहिता का चालीसवां अध्याय है ?

(1) ईश (2) कठ (3) माण्डूक्य (4) मुण्डक

**09.** ईश उपनिषद् पर निम्नलिखित में से किसका भाष्य प्राचीनतम् है ?

(1) रामानुजाचार्य (2) शंकराचार्य (3) वेंकटनाथ (4) सत्यानन्द

**10.** ईशउपनिषद् का निम्नलिखित में से कौन पर्याय नहीं है ?

(1) आत्मोपनिषद् (2) ब्रम्होपनिषद्

(3) वाजसनेयोपनिषद् (4) सांख्योपनिषद्

**11.** ईशावास्यउपनिषद् का निम्नलिखित में से कौन अभिधान नहीं है ?

(1) आत्म सूक्त (2) श्रीसूक्त (3) ब्रह्म सूक्त (4) ईश सूक्त

**12.** ईशउपनिषद् के माध्यन्दिन शाखा के अनुसार ग्रन्थों की संख्या है :

(1) 16 (2) 17 (3) 18 (4) 20

**13.** ईशउपनिषद् के काण्वशाखा की संहिता के अनुसार मन्त्रों की संख्या है :

(1) 16 (2) 17 (3) 18 (4) 20

**14.** ईशउपनिषद् के मंत्रों के द्रष्टा निम्नलिखित में से किसे नहीं माना जाता है ?

(1) अकर्वा (2) दीर्घतमा (3) मनु (4) वसिष्ठ

**15.** निम्नलिखित में से कौन वाजसनेयिसंहितोपनिषद् का भाष्यकार नहीं है ?

(1) उवट (2) मनु (3) महीधर (4) आनन्द भट्ट

**16.** शंकराचार्य के अनुसार ईशोपनिषद् का प्रथम मन्त्र निम्नलिखित में से किसे प्रतिपादित करता है ?

(1) ज्ञान निष्ठा (2) कर्मनिष्ठा

(3) समुच्चयवाद (4) निष्काम कर्मयोग

**17.** ईशावास्य उपनिषद् के प्रथम दो मन्त्र निम्नलिखित का प्रतिपादन करते हैं :

(1) ज्ञान निष्ठा (2) कर्मनिष्ठा

(3) समुच्चयवाद (4) निष्काम कर्मयोग

**18.** "सम्पूर्ण गीता ईश उपनिषद् के अठारह मन्त्रों का ही विस्तार है।" यह निम्नलिखित में से किसका मत है ?

(1) रानाडे (2) रंगरामानुज (3) वेंकटनाथ (4) आनन्द तीर्थ

**19.** ईशउपनिषद् में निम्नलिखित में से किस काव्यशैली का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(1) वैदर्भी (2) गौडी (3) मागधी (4) पांचाली

**20.** ईशोपनिषद् के ग्यारहवें मंत्र में "अविद्यया मृत्युं तीर्त्वा" में 'अविद्या' का तात्पर्य है :

(1) ज्ञान (2) अग्निहोत्रादि कर्म

(3) समुच्चय (4) निष्काम कर्म योग

**21.** निम्नलिखित में से कौन-सा युगल ईश उपनिषद् में नहीं है ?

(1) विद्या-अविद्या (2) पटाविद्या-अपटा विद्या

(3) मृत्यु-अमृत (4) संभूति-असम्भूति

**22.** 'असुर्या' की अवधारणा में निम्नलिखित समाहित नहीं है :

(1) अन्ध (2) तम (3) लोक (4) आत्महा

**23.** मातरिश्पा के प्रत्यय से निम्नलिखित संबंद्ध नहीं है :

(1) वायु (2) कर्म (3) कम्पन रहित (4) कारण

**24.** ईश उपनिषद् में निम्नलिखित द्वन्द्वों में से कौन उल्लिखित नहीं है ?

(1) आत्तर-बाह्य (2) एजाति-नैजारी (3) एक-अनेक (4) दूर-आन्तिक

**25.** ईशोपनिषद् के अनुसार आत्महन्ता मरणोपरान्त निम्नलिखित में से किस लोक में जाते हैं ?

(1) देवलोक (2) पितृलोक (3) स्वर्गलोक (4) असुरलोक

**26.** महर्षियों के अनुसार मनु का निम्नलिखित में से कौन विशिष्ट गुण नहीं है ?

(1) अचिन्त्य (2) अनेक (3) अप्रमेय (4) स्वयम्भू

**27.** मनुस्मृति के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सृष्टि का प्रकार नहीं है ?

(1) अण्डज (2) स्वेदज (3) अग्रज (4) जरायुद

**28.** प्रलयकाल में इस संसार की स्थिति में निम्नलिखित में से कौन नहीं था ?

(1) अप्रज्ञात (2) स्वलक्षण (3) अविज्ञेय (4) अप्रतर्क्य

**29.** द्युलोक तथा पृथ्वीलोक के मध्य निम्नलिखित में से किसकी रचना ब्रह्मा के द्वारा नहीं की गई ?

(1) आकाश (2) पाताल (3) दिशायें (4) जल

**30.** निम्नलिखित में से कौन तन्मात्रा नहीं है ?

(1) रूप (2) स्कंध (3) रस (4) स्पर्श

**31.** प्रथम तथा द्वितीय सूची को दिये गये कूटक के अनुसार सुमेलित कर सही उत्तर दें :

| **सूची (I)** | | **सूची (II)** | |
|---|---|---|---|
| (अ) | पृथ्वी | (क) | शब्द |
| (ब) | आकाश | (ख) | गंध |
| (स) | जल | (ग) | रूप |
| (द) | अग्नि | (घ) | रस |

कूटक :

| | **अ** | **ब** | **स** | **द** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | क | ख | ग | घ |
| (2) | घ | ग | ख | क |
| (3) | ख | क | घ | ग |
| (4) | ग | घ | क | ख |

**32.** निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही है ?

(1) आकाश-गंध (2) अग्नि-रूप (3) वायु-शब्द (4) जल-स्पर्श

**33.** जल में निम्नलिखित में से कौन-सा गुण नहीं होता है ?

(1) गन्ध (2) शब्द (3) रस (4) रूप

**34.** वेदत्रयी में निम्नलिखित में से कौन-सा वेद सम्मिलित नहीं है ?

(1) ऋग्वेद (2) सामवेद (3) अथर्ववेद (4) यजुर्वेद

**35.** कर्मों के विवेकार्थ परमेश्वर ने निम्नलिखित द्वन्द्वों में से किसे युक्त नहीं किया ?

(1) कर्म-अधर्म (2) सुख-दुःख (3) जीवन-मरण (4) ज्ञान-अज्ञान

**36.** मनु महाराज द्वारा उत्पन्न दस महर्षियों में से कौन नहीं है ?

(1) भरद्वाज (2) मरीचि (3) वसिष्ठ (4) भृगु

**37.** जिनके केवल फल होते हैं, पुष्प नहीं, उन्हें क्या कहा जाता है ?

(1) वनस्पति (2) वृक्ष (3) लता (4) गुल्म

**38.** मनुस्मृति की रचना किसने की ?

(1) मनु (2) भृगु (3) ब्रह्मा (4) व्यास

**39.** मुहूर्त कितनी कलाओं का होता है ?

(1) अठारह (2) बीस (3) तीस (4) इकत्तीस

**40.** कृतयुग का परिमाण कितने दैववर्षों का है ?

(1) चार हजार (2) पाँच हजार (3) छ: हजार (4) सात हजार

**41.** प्रकृति की प्रथम विकृति निम्नलिखित में से कौन है ?

(1) आकाश (2) वायु (3) अग्नि (4) जल

**42.** निम्नलिखित में से कौन धर्म के चतुष्पादों के अंतर्गत नहीं है ?

(1) तप (2) ज्ञान (3) यज्ञ (4) सत्य

**43.** कलियुग का मुख्य कर्म है :

(1) तप (2) दान (3) ज्ञान (4) यज्ञ

**44.** ब्राह्मण के लिए निर्धारित षट्कर्मों में कौन नहीं है ?

(1) अध्ययन-अध्यापन (2) यजन-याजन

(3) दान-प्रतिग्रह (4) प्रजा-रक्षण

**45.** कर्म का आधार निम्नलिखित में से कौन नहीं है ?

(1) स्मृति (2) आकार (3) कर्म (4) आत्म तुष्टि

**46.** निम्नलिखित में से कौन कर्म का लक्षण नहीं है ?

(1) वेद (2) स्मृति (3) आगम (4) प्रियमात्मन:

**47.** मनुस्मृति में निम्नलिखित में से किसे वरीयता दी गई है ?

(1) पाञ्चाल (2) कुरूक्षेत्र (3) मत्स्य (4) शूरसेनक

**48.** मनुस्मृति के अनुसार क्षत्रिय वंशोत्पन्न बालक के नाम के साथ निम्नलिखित उपनाम लगाना चाहिये :

(1) शर्मा (2) वर्मा (3) गुप्त (4) दास

**49.** ब्राह्मण बालक का उपनयन जन्म से किस वर्ष में होना चाहिये ?

(1) आठ (2) ग्यारह (3) बारह (4) सोलह

**50.** ब्राह्मण के किस तीर्थ में आचमन नहीं करना चाहिये ?

(1) ब्रह्म तीर्थ (2) काय तीर्थ (3) देवतीर्थ (4) पित्र्य तीर्थ

**51.** अभिवादनशील की चार शक्तियों में से निम्नलिखित में से कौन नहीं है ?

(1) आयु (2) विद्या (3) यश (4) आजीविका

**52.** गुरु की बात का विरोध करने वाला मरणोपरान्त किस योनि को प्राप्त होता है ?

(1) गधा (2) कुत्ता (3) कीट (4) मकोड़ा

**53.** "सांख्य श्रुतिमूलक है" इस कथन का खण्डन किसने किया है ?

(1) शंकराचार्य (2) बादरायण (3) रामानुज (4) मध्व

**54.** सांख्य कारिका का दर्शन है :

(1) ईश्वरवादी (2) अनीश्वरवादी (3) एकेश्वरवादी (4) सर्वेश्वरवादी

**55.** 'सांख्य' शब्द का प्रयोग इस दर्शन में निम्न अर्थ में हुआ है :

(1) विवेक ज्ञान (2) संख्या (3) पुरुषान्यतारकाति (4) उपरोक्त सभी

56. सांख्य प्रकृति निम्नलिखित में से क्या नहीं है ?

(1) अज (2) अरूप (3) एक (4) शुक्ल

57. 'कणगसत्तरी' किसका पर्याय है :

(1) सांख्य सूत्र (2) सांख्यकारिका

(3) सांख्य प्रवचन भाष्य (4) जयमंगला

58. 'सांख्य-कारिका' पर निम्नलिखित ग्रन्थ टीका नहीं है :

(1) माठर वृत्ति (2) युक्तिदीपिका

(3) विज्ञानामृत भाष्य (4) जयमंगला

59. सांख्यकारिका में ईश्वरकृष्ण किसका उल्लेख नहीं करते ?

(1) कपिल (2) विज्ञानभिक्षु (3) आसुरि (4) पंचशिख

60. सांख्य पुरुष का स्वरूप है :

(1) प्रकृति (2) विकृति

(3) प्रकृति-विकृति (4) न प्रकृति न विकृति

61. सांख्य दर्शन निम्नलिखित मत का पोषक है :

(1) सत् कार्यवाद (2) असत्कार्यवाद (3) आभासवाद (4) विज्ञानवाद

62. सांख्य के अनुसार निम्नलिखित विकृति नहीं है :

(1) महत्तत्व (2) अहंकार (3) पुरुष (4) तन्माय

**63.** रुत् कार्यवाद की सिद्धि के लिए सांख्य के तर्कों में निम्नलिखित समाहित नहीं है :

(1) असदकरण (2) उपादानग्रहण (3) परिणाम (4) कारणभाव

**64.** निम्नलिखित में से कौन सांख्य के अनुसार 'गुण' नहीं है ?

(1) सत्य (2) रज (3) तम (4) रूप

**65.** सत्व गुण का निम्नलिखित स्वरूप नहीं है :

(1) लघु (2) प्रकाशक (3) इष्ट (4) उपष्टम्भक

**66.** रजोगुण में निम्नलिखित नहीं होता :

(1) चंचलता (2) गतिशीलता (3) गुरुत्व (4) दु:ख

**67.** सांख्य के त्रिगुणों में निम्नलिखित वृत्ति का अभाव होता है :

(1) मिथुन वृत्ति (2) आश्रयवृत्ति (3) अभिभव वृत्ति (4) सहयोग वृत्ति

**68.** अंत:करण में निम्नलिखित समाहित नहीं है :

(1) मन (2) संकल्प (3) अहंकार (4) बुद्धि

**69.** सांख्य दर्शन निम्नलिखित प्रमाण को स्वीकार नहीं करता है :

(1) प्रत्यक्ष (2) उपमान (3) अनुमान (4) शब्द

**70.** सांख्य-दर्शन के अनुसार यथार्थ ज्ञान की उत्पत्ति निम्नलिखित पर निर्भर नहीं है :

(1) प्रमाता (2) प्रमेय (3) प्रमाण (4) प्रमा

**71.** सांख्य के अनुसार निम्नलिखित दु:ख-त्रय में समाहित नहीं है :

(1) आध्यात्मिक (2) आधिभौतिक (3) आधिदैविक (4) अपवर्गिक

**72.** सांख्य-दर्शन ज्ञान के संदर्भ में निम्नलिखित मत को पोषित करता है :

(1) स्वत: प्रामाण्य (2) परत: प्रामाण्य

(3) स्वत: अप्रामाण्य (4) स्वत: प्रमाणाप्रमाणत्व

**73.** सांख्य के अनुसार पुरुष की अवधारणा में निम्नलिखित में से क्या असत्य है ?

(1) चैतन्य (2) सक्रियता (3) निष्क्रियता (4) आत्मतत्त्वता

**74.** सांख्य के अनुसार अंहकार किससे उत्पन्न होता है ?

(1) ज्ञानेन्द्रिय (2) कर्मेन्द्रिय (3) महत् (4) तन्मात्रा

**75.** सांख्य दर्शन में ज्ञानेन्द्रियों तथा उनके गुणों का व्यवस्थित क्रम दिये गये कूटक के आधार पर क्या है :

| **ज्ञानेन्द्रिय** | **गुण** |
|---|---|
| (अ) चक्षु | (क) स्पर्श |
| (ब) जिह्वा | (ख) शब्द |
| (स) घ्राण | (ग) रूप |
| (द) त्वक् | (घ) गन्ध |
| (य) श्रोत | (ङ) रस |

**कूटक :**

| | अ | ब | स | द | य |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | क | ख | ग | घ | ङ |
| (2) | ग | ङ | घ | क | ख |
| (3) | ख | ग | घ | ङ | क |
| (4) | घ | ङ | क | ख | ग |

76. शतसाहस्री संहिता के रचयिता कौन हैं ?

(1) व्यास (2) वाल्मीकि (3) वसिष्ठ (4) कपिल

77. याज्ञवल्क्य ने आत्मज्ञान जिसे दिया ?

(1) मैत्रेयी (2) कात्यायनी (3) गार्गी (4) सुलभा

78. उपनिषदों का सर्वश्रेष्ठ दार्शनिक किसे माना जाता है ?

(1) याज्ञवल्क्य (2) जनक (3) अश्वपति (4) आरुणि

79. याज्ञवल्क्य के प्रमुख शिष्य कौन हैं ?

(1) श्वेतकेतु (2) जनक (3) इन्द्र (4) वैशम्पायन

80. भगवान् महावीर का जन्म स्थान कहाँ है ?

(1) पावापुरी (2) राजगृह (3) वैशाली (4) कुण्डपुर

81. भगवान् महावीर की माता का नाम था :

(1) सुधर्मा (2) त्रिशला (3) मुकेशा (4) माया देवी

82. महावीर के प्रमुख शिष्य का नाम है :

(1) गौतम (2) आनन्द (3) केशी (4) सुधर्मा

83. भगवान् महावीर का पूर्वनाम था :

(1) सिद्धार्थ (2) वर्धमान (3) गौतम (4) पार्श्वनाथ

**84.** भगवान् बुद्ध का जन्म कहाँ पर हुआ ?

(1) कपिलवस्तु (2) लुम्बिनी (3) श्रावस्ती (4) कौशाम्बी

**85.** भगवान् बुद्ध 'सम्यक् बुद्ध' कहां पर हुए ?

(1) सारनाथ (2) गया (3) राजगृह (4) श्रावस्ती

**86.** भगवान् बुद्ध के प्रमुख शिष्य कौन थे ?

(1) देवदरा (2) गौतम (3) आनन्द (4) मुद्‌गलायन

**87.** 'प्रतीत्य समुत्पाद' बुद्ध द्वारा उपदेशित चार आर्य-सत्यों में से किसके अंतर्गत आता है ?

(1) प्रथम (2) त्रितीय (3) चतुर्थ (4) द्वितीय

**88.** सांख्यकारिका के रचनाकार हैं :

(1) कपिल (2) ईश्वर कृष्ण (3) विज्ञान भिक्षु (4) पंचशिख

**89.** ईश्वर कृष्ण द्वारा रचित सांख्य-कारिका का निम्नलिखित में से कौन पर्याय नहीं है ?

(1) हिरण्य सप्तति (2) सुवर्ण सप्तति (3) सांख्य तठ वंसत (4) कणगसत्तरी

**90.** शंकराचार्य का जन्म स्थान कहाँ पर है :

(1) कालडी (2) शृंगेरी (3) शिव काशी (4) गोकर्ण

**91.** शंकराचार्य के गुरू का नाम है :

(1) शिवगुरु (2) गोविन्द पाद (3) गौड़पाद (4) पद्मपाद

**92.** शंकराचार्य किस दार्शनिक सम्प्रदाय को अद्वैत का प्रधान मन्त्र मानते हैं ?

(1) बौद्ध (2) जैन (3) सांख्य (4) मीमांसा

**93.** शंकराचार्य का कामशास्त्र पर शास्त्रार्थ किससे हुआ ?

(1) कुमारिल भट्ट (2) भारती (3) मण्डन मिश्र (4) कात्यायनी

**94.** चातुर्होत्र के आधार पर एक ही वेद का चातुर्दिक विभाजन किसने किया ?

(1) वैशम्पायन (2) व्यास (3) पैल (4) जैमिनि

**95.** श्रीमद्‌भागवत पुराण द्वारा कृष्ण चरित को प्रस्तुत करने की प्रेरणा व्यास को किसने दी ?

(1) नारद (2) सनत्कुमार (3) वाल्मीकि (4) अत्रि

**96.** वेदव्यास की माता का नाम था ?

(1) वेदवती (2) सत्यवती (3) अरुन्धती (4) अदिति

**97.** मनु के पिता थे :

(1) विवस्वन्त (2) सावर्णि (3) मरीचि (4) भृगु

**98.** वाल्मीकि किस प्रदेश के निवासी थे ?

(1) महाकोशल (2) उपकोशल (3) कोशल (4) अवध

**99.** वाल्मीकि को राम-कथा के लिए किससे प्रेरणा मिली ?

(1) वसिष्ठ (2) व्यास (3) विश्वामित्र (4) नारद

**100.** रामकथा के स्रोत किसमें मिलते हैं ?

(1) शतपथ ब्राह्मण (2) बृहदारण्यक (3) तैत्तिरीय (4) पुरुष सूक्त

**101.** महर्षि वाल्मीकि के पिता थे :

(1) प्रचेता (2) कश्यप (3) भृगु (4) रत्नाकर

**102.** शंकराचार्य को तत्त्वबोध किस स्थान पर हुआ था ?

(1) ओंकारेश्वर (2) प्रयाग (3) ज्योतिष्पीठ (4) शारदापीठ

**103.** शंकराचार्य ने दीक्षा किस स्थान पर प्राप्त की थी ?

(1) प्रयाग (2) ओंकारेश्वर (3) बदरिकाश्रम (4) काशी

**104.** रामानुज के पिता का नाम था :

(1) शैलपूर्ण (2) केशवाचार्य (3) कमलनयन भट्ट (4) यादवप्रकाश

**105.** निम्नलिखित ग्रन्थों में से रामानुज का सर्वाधिक प्रसिद्ध कौन-सा ग्रन्थ है ?

(1) वेदार्थ संग्रह (2) शरणागति गद्य (3) गीता भाष्य (4) श्री भाष्य

**106.** निम्बार्क निम्नलिखित में से किस ग्रन्थ के रचनाकार नहीं हैं ?

(1) वेदान्त पारिजात सौरभ (2) दशश्लोकी

(3) श्रीकृष्ण स्तवराज (4) श्रुतिसिद्धान्त मञ्जरी

**107.** मध्वाचार्य को निम्नलिखित नाम से अभिहित नहीं किया गया :

(1) वासुदेव (2) मध्यगेह (3) भीम (4) पूर्णप्रज्ञ

**108.** मध्वाचार्य की रचनाओं में निम्नलिखित का समावेश नहीं है :

(1) महाभारत तात्पर्य निर्णय (2) भगवद्गीता भाष्य

(3) तत्त्वदीप निबन्ध (4) विष्णुतत्त्व निर्णय

**109.** गौदांग किसे कहते हैं ?

(1) वल्लभ (2) मध्व (3) निम्बार्क (4) चैतन्य

**110.** पुष्टिमार्ग का प्रतिपादन किसने किया ?

(1) वल्लभ (2) मध्व (3) निम्बार्क (4) रामानुज

**111.** निम्नलिखित ग्रन्थ की रचना वल्लभ ने नहीं की :

(1) अणुभाष्य (2) तत्त्वदीप निबन्ध (3) प्रमाण लक्षण (4) सुबोधिनी

**112.** शंकराचार्य द्वारा स्थापित गोवर्धन पीठ कहाँ पर स्थित है ?

(1) द्वारका (2) बद्रिकाश्रम (3) पुरी (4) शृंगेरी

**113.** व्यास निम्नलिखित में से किस वेद के प्रतिनिधि हैं ?

(1) सामवेद (2) अथर्ववेद (3) शुक्लयजुर्वेद (4) कृष्ण यजुर्वेद

**114.** व्यास का जन्म-दिन किस पूर्णिमा को माना गया है ?

(1) चैत्र (2) आषाढ़ (3) श्रावण (4) कार्तिक

**115.** चैतन्य महाप्रभु का आविर्भाव कहाँ पर हुआ ?

(1) नवद्वीप (2) नवगाँव (3) वृंदावन (4) सुन्दरवन

**116.** निम्नलिखित में से कौन आगमतन्त्र का ग्रन्थ नहीं है ?

(1) महानिर्वाण तन्त्र (2) आगमशास्त्र (3) तंत्रराग (4) तंत्रसार

**117.** तन्त्रशास्त्र के प्रणेता कौन हैं ?

(1) ब्रह्मा (2) विष्णु (3) शिव (4) दत्तात्रेय

**118.** तन्त्रशास्त्र में निम्नलिखित सम्मिलित नहीं है ?

(1) आगम (2) यामल (3) तन्त्र (4) मंत्र

**119.** आगम में निम्नलिखित का वर्णन नहीं होता :

(1) सृष्टि (2) प्रलय (3) युगकर्म (4) पुरश्चरण

**120.** यामल निम्नलिखित का वर्णन नहीं करता :

(1) ज्योतिष (2) क्रम (3) षट्कर्म साधन (4) सृष्टितत्त्व

**121.** मुख्य तन्त्र निम्नलिखित पर विचार नहीं करता :

(1) पुरश्चरण (2) राजधर्म (3) आश्रमधर्म (4) अध्यात्म

**122.** तन्त्र की महिमा सर्वाधिक किस युग में है ?

(1) सत्य (2) त्रेता (3) द्वापर (4) कलि

**123.** मारण, वशीकरण इत्यादि का विधान किस वेद में मिलता है ?

(1) ऋक् (2) साम (3) यजुः (4) अथर्व

**124.** तन्त्र का लक्षण सर्वप्रथम किस उपनिषद् में मिलता है ?

(1) रामतापनीय (2) नृसिंह तापनीय (3) तैत्तिरीय (4) श्वेताश्वतर

**125.** तन्त्र में श्रेष्ठतम आचार है ?

(1) वेदाचार (2) दक्षिणाचार (3) कौलाचार (4) वामाचार

**126.** रौद्रिक आगमों में निम्नलिखित नहीं है :

(1) अंशुमान (2) आग्नेदक (3) उद्गीता (4) चन्द्रहास

**127.** शैक्षिक आगमों में निम्नलिखित समाहित नहीं है :

(1) कामिक (2) योगज (3) युगबिन्दु (4) सुप्रभेद

**128.** निम्नलिखित में से कौन-सा ग्रन्थ वैष्णव आगम से संबंधित है ?

(1) कुलार्णव तंत्र (2) मृगेन्द्रागम (3) नारदपंचराय (4) आग्नेयक

**129.** वामाचार में निम्नलिखित पंचमकारों का अंग नहीं है :

(1) मद्य (2) मांस (3) मत्स्य (4) महिष

**130.** निजयाटम का सेवन निम्नलिखित शाक्त सम्प्रदाय करता है :

(1) कौलाचार (2) समयाचार (3) योगाचार (4) भ्रष्टाचार

**131.** शाक्ताम्नाय में निम्नलिखित नहीं है :

(1) ऊर्ध्व (2) अध: (3) पूर्व (4) पश्चिम

**132.** निम्नलिखित प्रमुख शाक्तपीठ नहीं है :

(1) कामाख्या (2) जालन्धर (3) मंतग (4) विन्ध्य

**133.** शैवसिद्धान्त के अनुसार कृत्यपंचक में निम्नलिखित नहीं है :

(1) तिरोधान (2) अनुग्रह (3) संहार (4) विप्लव

**134.** त्रिक में निम्नलिखित समाविष्ट नहीं है :

(1) शिव (2) शक्ति (3) जीव (4) जगत्

**135.** निम्नलिखित में से कौन बौद्ध तंत्र का अंग नहीं है ?

(1) क्रिया (2) चर्या (3) धारणा (4) योग

**136.** जैन तन्त्र-साधना में मन्त्र-साधना के आठ अंगों में से कौन नहीं है ?

(1) ध्यान (2) जप (3) न्यास (4) स्तुति

**137.** वैदिक देवताओं के तीन आयामों में कौन समाहित नहीं है ?

(1) अध्यात्मिक (2) आदि–दैविक (3) आदि-मायिक (4) आदि-भौतिक

**138.** आकाश लोक के देवताओं में निम्नलिखित में से कौन नहीं है ?

(1) इन्द्र (2) अग्नि (3) मरुत (4) रुद्र

**139.** विष्णु के चार आयुधों में कौन सम्मिलित नहीं है ?

(1) शंख (2) चक्र (3) गदा (4) धनुष

**140.** विष्णु के भावी अवतार का क्या नाम है ?

(1) बुद्ध (2) कल्कि (3) कपिल (4) दत्तात्रेय

**141.** निम्नलिखित शिवा का रूप नहीं है ?

(1) भीम (2) ईशान (3) ऋषभ (4) शर्व

**142.** ब्रह्मा को निम्नलिखित नाम से संबोधित नहीं किया गया है :

(1) अब्जज (2) नाभिज (3) परमेष्ठी (4) पिनाकी

**143.** निम्नलिखित वैदिक देवता नहीं है ?

(1) मरुत् (2) रूद्र (3) गंधर्व (4) प्रजापति

**144.** लिंगराज का मन्दिर किस नगर में है ?

(1) भुवनेश्वर (2) वाराणसी (3) उज्जैन (4) प्रयाग

**145.** निम्नलिखित में से कौन-सा युगल सही नहीं है ?

(1) ब्रह्मा—सरस्वती (2) विष्णु—लक्ष्मी (3) शिव—पार्वती (4) कृष्ण—यमुना

**146.** दस महाविद्याओं का विषय कौन नहीं है ?

(1) काली (2) गंगा (3) तारा (4) षोड़शी

**147.** कार्तिकेय किसके पुत्र हैं ?

(1) विष्णु (2) गणेश (3) ब्रह्मा (4) शिव

**148.** भैरव का वाहन है :

(1) गर्दभ (2) श्वान (3) अश्व (4) वृषभ

**149.** भैरवी को निम्नलिखित संज्ञा से संबोधित नहीं करते :

(1) वीर--रात्रि (2) कालरात्रि (3) मृत्यु--शाक्ति (4) भयप्रदा

**150.** बोधिसत्त्व की भूमियों में निम्नलिखित नहीं है :

(1) प्रमुदिता (2) अंतर्मुखी (3) विमला (4) अभिमुखी

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

***(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली-काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखे)***

प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।

परीक्षा भवन में ***लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,*** लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।

***उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***

अपना अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से निर्धारित स्थान **पर लिखें।**

***उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।***

***ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्नपुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्नपुस्तिका पर अनुक्रमांक और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।***

***उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।***

***प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिए आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।***

प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।

***ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो संबंधित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।***

रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा उत्तर-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।

परीक्षा के उपरान्त *केवल **ओ एम आर उत्तर-पत्र*** परीक्षा भवन में जमा कर दें।

परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।